卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 238 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦5 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in


# हजारों लोगों के साथ कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे बेहड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर करने वाली भाजपा सरकार का असली चेहरा सामने आ चुका है। अतिक्रमण तत्काल व्यवस्था की जाये। यह बात किच्छा के विधायक एवं पूर्व मंत्री तिलक पुर्नवास की मांग को लेकर कलैक्ट्रेट गेट पर हजारों की संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों





गरीबों व किसानों को उजाड़ना बंद करे। आम जनता के हितों की रक्षा का दावा हटाने के नाम पर हजारों परिवारों को उजाड़ दिया गया जिनके पुर्नवास की राज बेहड ने आज अतिक्रमण हटाने के विरोध तथा उजाड़े गये परिवारों के के साथ धरना देते हुए कही। उन्होंने कहा कि किच्छा के ग्राम (शेष पृष्ठ सात पर)

## धरने में कांग्रेस के कई नेता रहे नदारद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ के आहवान पर आयोजित धरना प्रदर्शन में आज बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की लेकिन उनकी अपनी ही पार्टी के कई जिम्मेवार लोग धरना प्रदर्शन में नजर नहीं आये। जो चर्चा का विषय बना रहा। पूर्व मंत्री बेहड़ ने गरीबों को उजाड़े जाने के खिलाफ धरना प्रदर्शन में सभी दलों के लोगों से जुटने का आहवान किया था। उन्होंने साफ कहा था कि उनका यह धरना प्रदर्शन पार्टी के बैनरतले नहीं है। लिहाजा कोई भी इसमें समर्थन देने पहुंच सकता है। बेहड़ की इस अपील का असर दिखायी दिया और बड़ी संख्या में लोगों ने धरना स्थल पर पहुंचकर बेहड़ की मांग का समर्थन किया। लेकिन कांग्रेस के जो बड़े पदाधिकारी बेहड़ के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते थे आज उनमें अनेक नदारद रहे। जिनमें कांग्रेस के नवनियुक्त जिला तथा स्थानीय स्तर के पदाधिकारी (शेष पृष्ठ सात पर)


गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000


## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

रूद्रपुर। संदिग्ध हालातों में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी



के अनुसार इंदिरा बंगाली कालोनी निवासी 24 वर्षीय आशीष गाईन पुत्र सचिन गाईन, सिडकुल की की एक कंपनी में काम करता था। शनिवार को वह घर से काम पर जाने की बात कहकर निकला था। शाम तक वह घर नहीं पहुंचा। जिस पर परिजनों ने उसकी ढूंढ खोज शुरू की। बाद में उसका शव रेलवे पटरी पर बरामद किया गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक परिवार का इकलौता पुत्र था।

## लारेंस विश्नोई के नाम पर रंगदारी मांगने वाले दो दबोचे


हरिद्वार(उद संवाददाता)। गैंगस्टर लारेंस विश्नोई के नाम से प्रतिष्ठित लोगों से रंगदारी मांगने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी अजय सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि हार्डवेयर व्यापारी संतोष महेश्वरी को किसी अंजान शख्स ने गैंगस्टर के नाम से धमकाकर रंगदारी की मांग की थी। शिकायत पर दिनांक 9 मार्च 2023 को कोतवाली नगर हरिद्वार में मुकदमा दर्ज कर विवेचना चल ही रही थी कि पुन: उक्त व्यापारी को 2 जून को नए नम्बर से टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से पुन: धमकी मिली। ऐसे ही कॉल कर धमकी के संबंध में दो व्यापारियों द्वारा जनपद देहरादून के रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इन दो व्यापारियों को भी ने नम्बर से टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से पुन: धमकी मिली। जिस पर मामले के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया। गठित स्पेशल टीम ने फोन कॉल/ मैसेज करने के लिए प्रयोग किए गए मोबाइल नंबर की सीडीआर का गहनता से अवलोकन कर इलेक्ट्रॉनिकली अन्य कई बातों का ध्यान रखते हुए साथ ही साथ फील्ड में अपने मुखबिरों का जाल बिछाकर वीरेंद्र उर्फ छोटा सुनार पुत्र कैलाश चंद निवासी हरिपुर कला रायवाला, गोविंद बाबा पुत्र महाकाल गिरी निवासी हिल बाईपास खड़खड़ी को हिरासत में लेकर धमकी देने में प्रयुक्त मोबाइल फोन को भी बरामद कर लिया। विवेचना के दौरान पता चला है कि अभियुक्त वीरेंद्र उर्फ छोटा सुनार विलासपुर छत्तीसगढ़ स्थित अंग्रेजी माध्यम के स्कूल से पढ़ाई के दौरान छठवीं कक्षा में भागकर हरिद्वार आ गया था। इस दौरान घाटों पर गोताखोरी करने लगा। गंगा में गोताखोरों को मिले स्वर्ण अथवा चांदी के आभूषण आदि को तुरंत खरीदकर आगे बेचने के उसके काम के कारण उसका नाम छोटा सुनार पड़ा। जबकि गोविंद बाबा निर्धन निकेतन विद्यालय से दसवीं फेल होकर अस्थाई चाय की दुकान चलाता था। दोंनों अक्सर एक साथ शराब पी थे। इसी दौरान दोनों (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में युवक और युवती लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवक तथा युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर दोनों का पता लगाना शुरू कर दिया है। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मानपुर रोड स्थित आरके मिल के पास निवासी चित्रा नामक महिला ने बताया कि उसका 19 वर्षीय पुत्र संजय बीते 2 जून को दोपहर लगभग 12:00 बजे पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से कहीं चला गया जिसका(शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने रेट्रो साइलेंसरों पर चलाया बुल्डोजर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात पुलिस ने सोमवार को जब्त किये गये रेट्रो साइलेंसरों और प्रेशर हार्नों पर बुल्डोजर चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक ने कहा कि वाहनों से होने वाले ध्वनि और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए पुलिस इस अभियान को जारी रखेगी। नियमों के विरूद्ध जिन वाहनों में प्रेशर हार्न और रेट्रो साइलेंसर लगे होंगे उन्हें सीज किया जायेगा। पर्यावरण दिवस के मौके पर



यातायात पुलिस ने आज नई पहल की। इस दौरान पिछले कुछ दिनों में जब्त किये गये रेट्रो साइलेंसर और प्रेशर हार्नों पर रोड रोलर चलाकर उन्हें निस्तारित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक मंजूनाथ टिसी ने कहा कि उधम सिंह नगर जनपद कृषि और वन भूमि वाला जनपद है। उन्होंने कहा कि वन है तो हम हैं और पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेवारी है। इसीलिए पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पुलिस पिछले करीब एक माह से अभियान चला रही थी जिसमें बाइकों पर लगे सैकड़ों रेट्रो साइलेंसर और प्रेशर हार्नों को जब्त किया गया था। जिन्हें आज बुल्डोजर चलाकर नष्ट किया गया है। एसएसपी ने कहा कि रेट्रो साइलेंसर और प्रेशर हार्नों से जहां प्रदूषण बढ़ता है (शेष पृष्ठ सात पर)

## परिजनों पर धारदार हथियार से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर के आगे मोबाईल नम्बर लिखकर फेंकने को लेकर दो पक्षों के मध्य हुई नोंक झोंक के बाद एक पक्ष के परिजनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। जिससे कुछ लोगों को चोटें आ गईं। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में संजीव पुत्र राम भरोसे निवासी शिव नगर, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि कुछ दिन से उसके घर के सामने विकास निवासी आजाद नगर कागज पर मोबाइल नम्बर लिखकर डालकर जा रहा था। 4जून को सुबह जब विकास उसके घर के सामने नम्बर डालकर जा रहा था तो उसे रोका और उससे नम्बर डालकर जाने की वजह पूछी तो वह बोलने लगा कि नम्बर डालकर जाऊँगा तुझे जो करना है कर लें। उसने अपने परिवार वालो व अन्य लोगों को फोन करके बुला लिया। आरोप है विकास के माता-पिता, भाई विक्की व उसके साथी आये और उसके माता व पिता के साथ गाली गलौच करने लगे। विकास व उसकी मां ने मां को थप्पड़ मारा और उन्हें मारने पीटने लगे। जब बीच बचाव कराने का प्रयास किया तो उपरोक्त लोगो ने हम लोगो को भी मारापीटा। विकास के भाई विक्की ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# तीर्थस्थलों को ना बनाए पिकनिक स्पॉट

## बदरीनाथ धाम पहुंचकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने लिया आशीर्वाद

चमोली(उद ब्यूरो)। एमपी से देवभूमि उत्तराखंड पहुंचे बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने रविवार को भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। कड़ी सुरक्षा के बीच बदरीनाथ धाम पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री का मंदिर समिति की ओर से स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान बदरीनाथ का आशीर्वाद लिया। वहीं सोशल मीडिया पर भी बाबा बागेश्वर धाम के चर्चित संत धीरेंद्र शास्त्री के पुनः उत्तराखंड पहुंचने की तस्वीरें वायरल हो रही है। बद्रीनाथ धाम पहुंचने पर एक वीडियो संदेश में पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि बदरीनाथ धाम धरती का बैकुंठ है। यहां भगवान बदरीनाथ के साथ ही पवित्र साधु-संतों के भी दर्शन होते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि तीर्थों को पवित्र और गरिमा बनाए रखें। तीर्थों को पिकनिक और प्रदर्शन का स्थल न मानकर दर्शन का स्थल मानें। यहां आकर आत्म शांति अनुभूति करें, गुरु मंत्र का जप करें। उन्होंने कहा तन की शुद्धि होती है स्नान से, मन की शुद्धि तीर्थ में कथा सुनने से और धन की शुद्धि दान से होती है। गौरतलब है कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री विशेष चार्टड प्लेन से सुबह देहरादून जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट से वो कड़ी सुरक्षा के बीच बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। धीरेंद्र शास्त्री विशेष विमान में सवार होकर सुबह 11 बजे एयरपोर्ट पहुंचे थे। रविवार सुबह एयरपोर्ट पर उनके पहुंचते ही उनके साथ फोटो खिंचवाने को भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन उनकी कड़ी सुरक्षा के कारण कुछ लोग ही उनके साथ फोटो खिंचवा पाए। विगत 27 जनवरी को भी पंडित धीरेन्द्र शास्त्री उत्तराखंड पहुंचे थे। उन्होंने कहा था कि वे उत्तराखंड के संतों को बागेश्वर धाम में होने वाले आयोजन का आमंत्रण देने आए हैं। तब उन्होंने आचार्य बालकृष्ण से मुलाकात भी की थी। उन्होंने अपने विरोधियों को नसीहत भी दी थी। उन्होंने कहा था कि मिलकर सनातन का झंडा गाड़िए, कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के साथ पंडित धीरेंद्र शास्त्री यमकेश्वर पहुंचे थे। यहां उन्होंने पोखरी, माला और धमंद में पतंजलि के वेलनेस सेंटर और हर्बल गार्डन समेत विभिन्न योजनाओंकी जानकारी भी ली थी।





## पेड़ पौधे लगाना और देखभाल करना भी हमारा कर्तव्य है: मिश्रा

काशीपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें तमाम लोगों ने बढ़चढकर भागीदारी निभाकर पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। बाजपुर रोड स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी



नेता शफीक अहमद अंसारी, अब्दुल सलीम एडवोकेट, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सहगल एडवोकेट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथिगण ने पर्यावरण दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनों से आहवान किया कि वे अपने घरों के साथ ही तमाम उचित स्थानों पर पौधारोपण करें। साथ ही ध्यान रखें कि सिर्फ पेड़-पौधे लगाना ही हमारा मकसद नहीं, बल्कि उनकी देखभाल करना हमारा कर्तव्य है। मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थित जन को पौधे वितरित किये गये। इस अवसर पर रेनू नौटियाल, सोनिया कश्यप, सविता कश्यप, रेखा शर्मा, मेघना शर्मा, अमरीश कुमार, बलवीर सिंह, भोजराज सिंह, आसिफ अली, बलवीर सिंह, आकाश, शशि, नीरज, दिनेश, सोनू, रमेश सिंह, मदन राम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण दिवस पर छात्रों ने किया पौधारोपण


शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में हर्षोल्लास से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। संस्था संचालक सुजीत ने छात्रों को जानकारी देते हुए कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु



वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1973 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है पहली बार 1973 मे मनाया गया था। शिक्षा ही एक ऐसा समझ व ज्ञान है जिसके माध्यम से हम समाज में एक बेहतर जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस अवसर पर कोचिंग परिसर में शिक्षक व अन्य छात्रगणों ने पौधारोपण किया जिसमें आशीष मंडल, राजीव, सागर, जय व्यापारी, हर्ष गोयल, साधना, वितिका अन्य आदि छात्रगण मौजूद थे।सभी छात्रों ने पेड़ लगाने का संकल्प लिया। साथ ही पूनम माझी ने पर्यावरण पर चित्रकारी बनाते हुए एक सुंदर प्रस्तुति दी।

## किच्छा में ऐतिहासिक होगा कांग्रेस का धरना प्रदर्शन: गावा

रूद्रपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गावा ने कहा कि प्रशासन द्वारा गरीबों को उजाड़े जाने रची जा रही साजिश के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 7 जून को किच्छा तहसील में आयोजित धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा। श्री गावा ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि 7 जून को प्रातः साढ़े 11 बजे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अगुवाई में जिले भर के कार्यकर्ता किच्छा तहसील में प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री गावा ने कहा कि गरीबों को उजाड़े जाने की कोशिश को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा जनता को लूटने और उजाड़ने का काम किया है। राज्य का गठन होने से पहले से जो लोग जमीनों पर काबिज हैं उन्हें बेघर करने के लिए साजिश रची जा रही है। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद अधिकारी अपनी तानाशाही से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे स्पष्ट हो रहा है कि राज्य में अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है। सीएम



धामी सरकार चलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। श्री गावा ने कहा कि सीएम धामी ने पहले खुद अतिक्रमण हटाने के आदेश दिये थे अब जनाक्रोश के चलते सीएम को बैकफुट जाना पड़ा है और अब वह इसका ठीकरा अधिकारियों पर फोड़ रहे है। श्री गावा ने कहा कि सीएम पुराने बसे हुए लोगों को न उजाड़ने की बात कह रहे हैं जबकि कई जगहों पर प्रशासन वर्षों से बसे लोगों को उजाड़ चुका है। गावा ने सवाल उठाया कि जिन लोगों के घर और दुकानें तोड़ दी गयी हैं अब उसकी भरपाई कौन करेगा। श्री गावा ने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर सरकार रंग बदल रही है। चुनाव के बाद फिर से सरकार गरीबों पर बुल्डोजर चला सकती है। श्री गावा ने कहा अगर सीएम धामी की नियत साफ है तो वर्षों से सरकारी जमीनों पर काबिज लोगों को शीघ्र मालिकाना हक दिलायें।

## बेघर हुए परिवारों से मिले राम चंद्र राय

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय जैसे ही लालकुआ के नगीना कालोनी के उजाड़ें हुए परिवारों के बीच पहुंचे वैसे ही उन्हें देखकर महिलाएं फफक फफक कर रोने लगी। उजाड़ें गए परिवार वालों ने कहा हम 50 वर्षों से भी ज्यादा समय से यहां रहे रहे थे। सरकार ने आधारकार्ड, राशन कार्ड, बिजली, पानी सड़क, शिक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था की थी तो फिर हम अवैध कैसे हुए ,यदि हम अवैध रूप से यहां रहे रहे थे तो हमे सरकार ने सारी सुविधाएं क्यूं दी,क्यों हमे वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया।



उजाड़ें गए पीड़ित परिवारों ने कहा अंतिम क्षणों तक नेताओं ने हमें गुमराह किया हमें आश्वासन दिया गया कि आप लोग सुरक्षित है पर वास्तव में उनके ऊपर विश्वास करने से हमारा सबकुछ बर्बाद हो गया अब हम छोटे छोटे बच्चो को लेकर कहां जाए। यदि हमें उजाड़ना ही था तो कही अन्यत्र पुनर्वासित क्यू नही किया गया आखिर क्यूं हमे बेघर करके खुले आसमान के नीचे बेसहारा कर दिया। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष ने लालकुआ विधायक से इस संबंध में दूरभाष से बातचीत की इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बेघर हुए परिवार को पुनर्वास देने की मांग करते हुए ज्ञापन भी दिया।राम चंद्र राय ने बेघर हुए परिवार वालों को हर संभव सहायता देने की बात कही ।उन्होंने कहा सरकार को बेघर हुए परिवार को पुनर्वास देना ही पड़ेगा क्योंकि इन्ही परिवारों के वोटो से आप सरकार में हो ।आंचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष राम चंद्र राय ने असहाय परिवारों को कहा समस्त बंगाली समाज आपके साथ है कानून के तहत लड़ाई लड़ी जाएगी उन्होंने सभी से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा लड़ाई लंबी है परंतु संयम के साथ सरकार से बातचीत करते हुए इस मामले में बेघर हुए परिवार को हर संभव अन्यत्र बसाया जाने की पुरजोर कोशिश करूंगा।इस दौरान बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश सह सचिव प्रियजित राय,नरेश साना, पिंकू मंडल, रोहित सरकार, सुजीत कुमार ,गोविंद कुमार आदि मौजूद थे।

## 40 से 50 सालो से रह रहे उजाड़े गये लोगों को पुनः बसाये सरकार:भुल्लर

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। 40 से 50 सालो से रह रहे लोगों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ने को लेकर कॉग्रेस के यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने सितारगंज ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, सितारगंज यूथ विधानसभा अध्यक्ष सुमिंदर यादव,किच्छा यूथ विधानसभा अध्यक्ष विक्रम कोरंगा के साथ विशेष बैठक की। बैठक का आयोजन उत्तम आचार्य के निवास स्थान पर आयोजित हुआ । सुमित्तर भुल्लर ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये, कहा की उत्तराखंड प्रदेश में आज बहुत ही दयनीय स्थिति उत्पन्न हो गयी है। भाजपा के सरकार में जनता को परेशान किया जा रहा है। युवा बेरोजगार घूम रहे है। गरीब जनता महंगाई से परेशान है। भाजपा सरकार गरीबो को कुचलने का काम कर रही है । मौजूदा सरकार से वेघरों को घर देने की मांग की । ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम आचार्य ने कहा कि



भाजपा सरकार की मनमानी को विपक्ष कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगा हर एक पीड़ित के साथ कॉग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता खड़ा है व पीड़ितों की हक की लड़ाई लड़ेगा। गरीबो को उजाड़ने के प्रकरण की कड़े शब्दों में निंदा की व रोष जताया। उन्होंने कहा कि 40 से 50 साल से रह रहे लोगो को एकदम से बेघर कर रोते विलखते हुये छोड़ दिया। वो कहा रहेंगे ,क्या खाएंगे ,जिंदगी कैसे बिताएंगे भाजपा सरकार ने एक बार भी नहीं सोचा।उन्होंने उजाड़े गये परिवारों को अतिशीघ्र बसाये जाने की भाजपा सरकार से मांग की ।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान, पौधे भी लगाये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस पर मेयर रामपाल सिंह की अगुवाई में गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया और लोगों से पर्यावरण को लेकर जागरूक होने का आहवान किया। इसके साथ ही मेयर रामपाल सिंह ने पर्यावरण दिवस पर गांधी पार्क प्रकृति के द्वारा प्रदत्त पर्यावरण के विरू( कार्य करने की वजह से पर्यावरण को नुकससान हुआ है। इसलिए हमें एकजुट होकर पर्यावरण के सुधाार के लिए प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रकृति का हमारे जीवन में बहुत महत्व है क्यों कि ये पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ ही हमें जीवन बना सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जरा सी इच्छा रखकर थोड़े से प्रयास से पर्यावरण को सुरक्षा एवं संरक्षण दे सकता है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शैली फुटेला ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन का सबसे बड़ा स्रोत हैं। हर व्यक्ति एक पेड़ लगाये तो पर्यावरण की स्थिति काफी सुधर सकती है। इससे प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग



में साफ सफाई की और आम, लीची, नींम, अशोक सहित कई रोपित किये गये। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी मुद्दा नहीं है बल्कि यह हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है। इसे सहेजकर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जीने के लिए स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। पर्यावरण प्रदूषित होने की वजह से कई विकृतियां सामने आ रही हैं। दूषित पर्यावरण जहां जन स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालता है वहीं इसके परिणाम हमें बड़ी प्राकृतिक आपदाओं के रूप में भी भुगतने पड़ते हैं। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर ही हम पर्यावरण को सुरक्षित और ग्रीन हाउस प्रभाव भी कम होगा। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त राजू नबीयाल, वंदे मातरम ग्रुप के संजय सनातनी, सेनेटरी इंस्पेक्टर उदयवीर सिंह,कुलदीप कुमार, प्रधान लिपिक कपूर सिंह,गौतम सिंह, शुभम पाल, अजय कश्यप,विक्की भारती समेत नगर निगम के पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

# कुष्ठ आश्रम और संत कबीर आश्रम में किया पौधारोपण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में कुष्ठ आश्रम व सतगुरु कबीर दास आश्रम में पौधारोपण किया। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेवारी है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। पर्यावरण को पहुंच रहे नुकसान के कारण आज आये दिन दैवीय आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है इन आपदाओं को रोकने का एकमात्र विकल्प पौधारोपण है। धरती को हरा भरा बनाकर ही जीवन सुरक्षित रह सकता है। इस दौरान सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान हिम्मत राम कोली, गगन ग्रोवर चंद्रपाल कोली कोमिल राम कोली शैलेंद्र कोली, मुकेश कोली, कल्लू राम कोली, ओम प्रकाश कोली,बाबूराम कोली, कोमिलराम कोली, विनोद कुमार कोली, देव कोली, राजकुमार कोली, संजीव कोली, शंकर कोली, राजू कोली, रामसेवक सिंह, रामू सिंह, बाबू राम कोली, रामप्रकाश कोली, रतनलाल भगत जी, एडवोकेट लालू प्रसाद किच्छा, केदार कोली राजेश कोली, कल्लू कोली रवि कोली, पवनकोली, अमर कोली, प्रेम कोली, कृष्णा कोली, भवन दास कोली, लेखराज कोली, वशीम त्यागीजी, कुंवरसेन कोली, नवीन लोहनी, भूरे कोली राजेश कोली, बाबूराम कोली, तेजभान कोली, आशू, दीपक कोली बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।



# सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण रूप से त्याग करें: राज्यपाल

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने विश्व पर्यावरण दिवस(05 जून) के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्ण रूप से त्याग करें और अपनी जीवनशैली में 'ग्रीन एक्टिविटीज और ग्रीन गुड्स'' को स्थान दें। उन्होंने प्रदेशवासियों से पर्यावरण के संरक्षण-संवर्द्धन का संकल्प लेने की अपील की है।अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का वरदान है, हमारा प्रदेश जैव विविधताओं वाला प्रदेश है। हमें पर्यावरण मॉडल की दिशा में कार्य करना होगा। राज्यपाल ने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध जल, हवा, मिट्टी एवं पर्यावरण मिले, इसके लिए पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर सभी को ध्यान देना होगा। इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान' है, इसे साकार करते हुए हमें उत्तराखण्ड के पर्यावरण को प्लास्टिक कचरे से पूर्ण रूप से मुक्त करना होगा।

# पर्यावरण के लिए सभी को जागरूक होने की जरूरत: सुखीजा

## भारत विकास परिषद ने पौधारोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस






गदरपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा गदरपुर में पुलिस चौकी के निकट तिराहे पर पौधारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। शाखा के वृक्षारोपण/ पर्यावरण सेवा के प्रकल्प संयोजक रोहित कुमार हुड़िया 'लवली' और राकेश कुमार आहूजा 'डिंपल' द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। शाखा सचिव प्रमोद बजाज ने बताया कि 5 जून 1972 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में वैश्विक स्तर पर समाज और राजनीति में जागृति लाने के लिए शुरुआत की थी और इसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को पर्यावरण के महत्व से परिचित करा कर इसके संरक्षण का प्रयत्न करना है इसी संदर्भ में भारत विकास परिषद भी पर्यावरण की रक्षा के लिए हर वर्ष वृक्षारोपण का कार्यक्रम करती है। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा द्वारा अपनी उद्बोधन में पर्यावरण की रक्षा हेतु वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम करते रहने का आह्वान किया गया और भारत विकास परिषद को इस तरह के कार्यक्रम लगातार करते रहने के लिए साधुवाद दिया। सुभाष चंद्र गुंबर, भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना, पंकज सेतिया, राजकुमार भुड्डी, रविंद्र बजाज एवं डॉक्टर अजय श्रीवास्तव ने भी अपने संबोधन में पर्यावरण की रक्षा के लिए इस तरह के प्रोग्राम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बुजुर्गों, महिला सदस्यों और बच्चों द्वारा भी बढ़-चढ़कर पौधारोपण का कार्य किया गया।शाखा अध्यक्ष प्रमोद कुमार गगनेजा, सचिव प्रमोद बजाज, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार अनेजा, उपाध्यक्ष गौरव मदान एवं अमित छाबड़ा, महिला संयोजिका श्रीमती ज्योति ग्रोवर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया आज के कार्यक्रम में कुलजस राय मदान, राजेंद्र अनेजा, हंसराज गुंबर, कृष्ण लाल सुधा, प्रीत ग्रोवर, राजीव ग्रोवर, विकास भुसरी, सोनू कालरा, राकेश गगनेजा, श्रीमती सरोज बजाज, श्रीमती आशा भुड्डी, श्रीमती शीना अरोरा, श्रीमती रीटा सुधा, डॉक्टर विनीत अरोरा, श्रीमान मनोज बजाज, सतीश भुड्डी, सतीश बत्रा, प्रवीण गिलहोत्रा, राकेश कुमार चावला श्गोल्डीश, विकास कुकरेजा, सागर गंडा, अमित नारंग, विशाल रस्तोगी, कुणाल मदान, मुकेश सुधा, देवेंद्र सिंह गाबा, महेंद्र सिंह के द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

# बच्चों को दी सिख धर्म के गुरूओं की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरूद्वारा श्री गुरू सिंघ सभा, गोल मार्केट में गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा आयोजित तेरह दिवसीय गुरमति ज्ञान समर कैम्प में प्रतिभाग कर रहे बच्चों को आज सिख धर्म के गुरूओं की जानकारी प्रदान की गई। कैम्प में भाई दर्शन सिंह, गुरजीत सिंह, परमजीत सिंह, अमरजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, कंवलजीत कौर, हरप्रीत कौर, कमलजीत कौर, मनमीत कौर, तलविन्दर कौर, सुरेखा छावड़ा तथा एकता बठला द्वारा बच्चों को बताया गया कि सिख धर्म में दस गुरूओं का सिमरन किया जाता है। जिनमें सतगुरू नानक देव जी, सतगुरू अंगद देव जी, सतगुरू अमर दास जी, सतगुरू रामदास जी, सतगुरू अर्जुन देव जी, सतगुरू हरि गोबिंद जी, सतगुरू हरि राय जी, सतगुरू हरि किशन जी, सतगुरू तेग बहादुर जी, सतगुरू गोबिंद सिंह जी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सतगुरू नानक देव जी का जन्म 15.4.1469 को तथा निर्वाण 22.9.1539 को हुआ था। सतगुरू अंगद देव जी का जन्म 31.3.1504 को तथा निर्वाण 29.3.1552 को हुआ। सतगुरू अमर दास जी का जन्म 5.5.1479 को तथा निर्वाण 1.9.1574 को हुआ। उन्होंने बताया कि सतगुरू रामदास जी का जन्म 24.9.1534 को तथा निर्वाण 1.9.1581 को हुआ। सतगुरू अर्जुन देव जी का जन्म 15.4.1563 को तथा निर्वाण 30.5.1606 को हुआ। सतगुरू हरि गोबिंद जी का जन्म 19.6.1595 को तथा निर्वाण 28.2.1644 को हुआ। सतगुरू हरि राय जी का जन्म 16.1.1630 को तथा निर्वाण 6.10.1661 को हुआ। बच्चों को बताया गया कि सतगुरू हरि किशन जी का जन्म 7.7.1656 को तथा निर्वाण 30.3.1664 को हुआ। सतगुरू तेग बहादुर जी का जन्म 1.4.1621 को तथा निर्वाण 11.11.1675 को हुआ जबकि सतगुरू गोबिंद सिंह जी का जन्म 22.12.1666 को तथा निर्वाण 7.10.1708 को हुआ। उन्होंने बताया कि सिख धर्म की स्थापना लगभग 500 साल पहले गुरू श्री गुरूनानक देव जी महाराज जी ने की थी। उन्होंने तीन मुख्य सिद्धांतों का उपदेश दिया जिसमें नाम जपो, कीरत करो व वंड छको शामिल हैं। इस मौके पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, सेकेट्री मनजीत सिंह मक्कड़, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, प्रीतम सिंह चावला, मीत सेकेट्री परविन्दर सिंह पम्मा, मेडिकल इंचार्ज गुरमीत सिंह बठला, पूर्व प्रधान सुरमुख सिंह विर्क, कैशियर हरविन्दर सिंह, गुरूद्वारा प्रबंधक कुलवंत सिंह, लंगर सेवक किशनपाल चौधरी आदि मौजूद थे।



# बालेश्वर हादसे में शक्तिफार्म के निवासी रंजीत भी हुए घायल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ओडिशा के बालेश्वर में हुए भीषण ट्रेन हादसे में शक्तिफार्म के रंजीत ढाली बाल-बाल बच गए। हादसे में घायल रंजीत ने सदमे से उबरने के बाद शक्तिफार्म में अपने परिचित से वार्ता की। रंजीत ढाली शक्ति फार्म से अपनी पत्नी के साथ पिछले 15 मई को बांग्लादेश के लिए रवाना हुआ था। 18 मई को बांग्लादेश अपने रिश्तेदार के यहां पहुंचे थे। पत्नी सुप्रिया को बांग्लादेश छोड़कर एक मई को कोलकाता पहुंचे थे। रंजीत को धान काटने के लिए हार्वेस्टर मशीन खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश जाना था। एक मई को कोलकाता के शालीमार जंक्शन से शाम के 4:30 बजे शालीमार चेन्नई एक्सप्रेस में बैठे थे। रंजीत ट्रेन के कोच 3 में 52 नंबर सीट में सफर कर रहे थे। फोन से रंजीत ने बताया कि शाम करीब 7 बजे बालेश्वर स्टेशन एवं मदरक के बीच एक गांव के पास ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद कोच के अंदर भयानक मंजर था। ऊपर वाले का चमत्कार ही था कि वह जिंदा बच गया। बताया कि ट्रेन के उस कोच में 90 यात्री रिजर्वेशन से सफर कर रहे थे। काफी संख्या मे मृतकों के बीच उसने खुद को जिंदा पाया। लेकिन वह सदमे में आ गया। हादसे में रंजीत भी घायल हो गया था। उपचार के बाद रेलवे पुलिस द्वारा बस से भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पहुंचाया ।जहां रिजर्वेशन व टिकट की डिटेल लेने के बाद रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेन से अन्य यात्रियों के साथ आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा पहुंचाया। रंजीत ने बताया कि रेलवे द्वारा उसे शक्ति फार्म पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है वह मंगलवार तक वह शक्ति फार्म पहुंचेंगे। उसने बताया विशाखापट्टनम हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस से टाडेपल्ली गुडेम स्टेशन से सोमवार को बैठेंगे। आगरा उतरकर बरेली होते हुए मंगलवार को शक्तिफार्म पहुंचेंगे। सदमे से उबरने के बाद उसने अपने परिचित को फोन से घटना की जानकारी दी।



Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
05944-246817

# पर्यावरण को संरक्षित करना सबकी जिम्मेदारी

आज समस्त विश्व किसी न किसी रूप से पर्यावरण दिवस को मनाकर इसकी महत्ता बताने का प्रयास कर रहा है ,जिसमें पर्यावरण की एक विकट व अहम समस्या होने के बावजूद हमारे देश का अहम जनतंत्र मात्र इस



दिवस को फोटो सेशन तक ही सीमित रख जनमानस को पर्यावरण की चेतना का अलख जगाने के लिए अपने को प्रस्तुत कर रहे हैं । भीषण गर्मी के कारण आज मेरे पर्यावरण संरक्षण वेल्फेयर सोसाइटीज रुद्रपुर द्वारा कोई भी नया शोभादार व फूलों को न लगाने का अहम निर्णय लिया और प्रातः तीन बजे से हमारे निजी वाहन से शहर के सभी डिवाइडरो को पानी लगातार ब्यक्तिगत रूप से सींचकर इस महत्वपूर्ण दिवस का आगाज किया।विडंबना है कि आज प्रातः से ही मुझे अनेको तथाकथित पर्यावरण प्रेमियो के फोन आ रहे थे कि आज पर्यावरण दिवस पर हम कुछ पेड़ लगाना चाहते हैं यदि आप की उपस्थिति हो जाती तो ओर भी बेहतर हो जाता ।मैने सभी को साफ साफ कह दिया कि मै कृषि वैज्ञानिक हूं और जानता हूं कि इतनी भीषण गर्मी में पेड़ो को लगाकर समाज को तो अंधा बनाया जा सकता है ,पर परिणाम मात्र फोटो खिचाने के अलावा कुछ नहीं होगा ।धरातल जैसा पहले



खाली था वैसा अब भी रहेगा। यदि फिर भी वह पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना जरूरी समझ रहे हैं तो सरकार द्वारा जी-20 के तहत लगाये पेड़ पौधों की सिचाई करना शायद बेहतर विकल्प होगा। शायद हममें से अधिकांश को यह भी जानकारी नही होगी कि हमारे देश की आबादी दुनियाभर की आबादी की सोलह प्रतिशत है और उपलब्ध पानी मात्र चार प्रतिशत ।हमारी संपदा जो ग्लेशियर के तौर से हजारो सालों से हमे पर्यावरण संरक्षण के लिए बचा रही थी ,आज वह भी धराशायी हो रही है ,क्योंकि हमारी सरकारों के लचीले रवैये से देशभर की वन संपदा को खुर्द बुर्द किया जा चुका है और यह क्रम आगे भी जारी है ।आज हमारे ग्लेशियर प्रति वर्ष लगभग बारह फीसदी तक पिघल रहे हैं । हम और हमारा देश ज्वाला मुखी के ऊपर खडे होने को मजबूर हो गये । लोग यह लिख कर रख लें कि हमारा भविष्य भुखमरी की समस्या से नही जल समस्या के संकट का सामना करेगा। विगत बारह वर्षो से रिटायर्मेंट के बाद विदेश में भी आर्थिक विकल्प खुले होने के बावजूद मै निजीतोर से पर्यावरण संरक्षण से जुडा ,बहुत परेशानियां आयी पर आज मुझे संतोष ही नही गर्व भी है। लगभग तीस हजार पेड निशुल्क ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किये ,शहर के चारों तरफ हर डिवाइडर पर शोभादार पेडों को लगवाकर निजी आर्थिक सहयोग से सफलता पूर्वक संरक्षित किया ।पहाड़ी इलाकों में पर्यटक के माध्यम से मिट्टी की गोलियां अबतक लाखों की संख्या में भिजवाकर उनको दूरदराज ऊंचाई पर फिंकवाया ,जिसके सार्थक परिणाम की सूचना है। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए डिवाइडरो पर गमले बनवाकर बड़े बड़े ड्रमों मे पेड़ लगवाये ,यह क्रम मेरे लंबे विदेश दौरे के दौरान भी सफलतापूर्वक जारी रहा। पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ हम अनेको समाजिक गतिविधियो में सहयोग कर रहे हैं। खासतौर पर समाजिक अनुरोध पर डेंगू की रोकथाम के लिए कीटनाशक का स्प्रे अपने ही खर्च पर सामर्थ्य अनुसार करवा रहे हैं । हमारा कार्य क्षेत्र सीमित है पर समाजिक चेतना के लिए पर्याप्त है क्योंकि हम समाजिक सहयोग के बिना अपने मिशन को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं । पर्यावरण दिवस पर मैं सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाऐं देने के साथ ही अपेक्षा करता हूं कि पर्यावरण को लेकर सभी जागरूक बनें और इसके लिए समय निकालकर अपना योगदान भी दें।

**-डा. मनमोहन सिंह,रुद्रपुर।**

# महिला को रक्तदान कर एक बार फिर फरिश्ता बने अजय

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। जिला अस्पताल में प्रसव के लिए लायी गयी अज्ञात महिला की हालत बिगड़ गयी। महिला को रक्त चढ़ाने की नौबत आ गयी। जिस पर चिकित्सकों ने एबी नेगेटिव रक्त का इंतजाम करने को कहा। एबी नेगेटिव रक्त किसी भी ब्लड बैंक में उपलब्ध नहीं होने पर महिला का जीवन संकट में पड़ गया तभी परिवारजनो को किसी ने बताया कि अजय गाबा जो कि समाजसेवी हैं इनका ब्लड ग्रुप एबी नेगेटिव है। अजय गाबा से संपर्क किया गया तो उन्होंने बिना किसी



देरी के रुद्रपुर के शहीद उधम सिंह ब्लड बैंक में एबी नेगेटिव ब्लड दान किया। संयोग से शहीद उधम सिंह ब्लड बैंक का शुभारंभ भी अजय गाबा के द्वारा ब्लड डोनेट करके हुआ। इस दौरान रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने अजय गाबा द्वारा रक्तदान करने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ उद्योगपति शिव कुमार ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है और अजय गाबा जैसे युवा लोग रक्तदान कर लोगों को जीवन दान देते हैं। इस दौरान जगजीत सिंह गोल्डी, संदीप चावला, सन्नी हुड़िया , सोनू चुघ, पुष्कर जैन, डा. मनदीप सिंह, डा. नीतिक बटला, डा. राहुल किशोर, डा.जसविंदर गिल, डा. प्रशांत पाठक आदि उपस्थित थे।

# पूर्व जिलाधिकारी स्व. अक्षत गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।विश्व पर्यावरण दिवस पर मिशन आगाज के संस्थापक पूर्व जिलाधिकारी अक्षत गुप्ता की पुण्य तिथि पर बच्चो तथा शिक्षको ने पौधारोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने बताया कि आज के ही दिन 5 जून सन 2016 को जिलाधिकारी अक्षत गुप्ता दुनिया से चले गए थे। उन्होंने मिशन आगाज की स्थापना इसीलिए की थी कि मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चे जो कूड़ा बीनने तथा भिक्षावृति में लिप्त रहते हैं उन्हें स्कूल पहुंचाया जाय और शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाय जिससे जिले के सभी बच्चे खूब पढ़ लिख कर आगे बढ़ें तथा समाज ब देश में उनका अच्छा नाम हो सके। श्रीमती पांडे ने आगे बताया कि उनका सपना साकार हो रहा है मिशन आगाज के तहत ऐसे बच्चो को हर साल चिह्नित किया जाता है तथा स्कूलों में उनका नामांकन कराया जाता है। अब कुछ बच्चे अजरा, इकरा, आलम बारहवी क्लास,



शैयादा, साहिबा दसवी, नीतू, पिंकी आठवी, कुछ बच्चे छठी आदि क्लास में पहुंच गए हैं तथा बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। गायत्री पांडे ने यह भी बताया कि अक्षत गुप्ता सर पर्यावरण प्रेमी भी थे वे अक्सर बच्चो को पेड़ पौधों की महत्ता बताते थे । आज उनकी स्मृति में बच्चो ने कई फलदार वृक्ष लगाए तथा तथा पेड़ो के संरक्षण के लिए संकल्प भी लिया।



# आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित

गूलरभोज( उद संवाददाता) ।नगर पंचायत गूलरभोज वार्ड नंबर 5 में मुकेश राजभर के सौजन्य से आयुष्मान कार्ड शिविर लगाया गया जिसका उद्घाटन नगर पंचायत चेयरपर्सन श्रीमती अनीता दुबे एवं शिक्षिका श्रीमती पुष्पा भट्ट ने किया ।सभी क्षेत्र वासियों के आयुष्मान कार्ड मुफ्त बनाए गए। साथ में भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, सभासद रमेश सागर,भाजपा नेता रमेश खोलिया,दिनेश कश्यप,मन्नू सक्सेना, बद्री प्रसाद,विजय बालाजी, विक्रम सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे।


गुरू मां

GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?

आधार लाये, उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV

UP TO 50% OFF

सबसे ज्यादा कैशबैक

0% ब्याज मुक्त फाइनेंस

खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी: तिकोनिया मो- 9837077682 | चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666 | पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर: काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000

काशीपुर: चीमा चौराहा मो-7455045084 | रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर: गुरुनानक इंटरप्राईजेज पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ चार जोड़ों का सामूहिक विवाह

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सदगुरू कबीर दास जी की जयंती पर रम्पुरा में कबीर पंथियों और समाजसेवियों ने चार जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम से संपन्न कराया। इस दौरान तमाम लोगों ने वर वधू को आशीर्वाद देकर सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। रम्पुरा स्थित कबीर मंदिर में पूजा अर्चना व कबीर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद मंदिर से चार घोड़े पर सवार दुल्हे बारात लेकर निकले। गाजे बाजों के साथ रम्पुरा के मुख्य मार्गों ,शिव मंदिर 84 घंटा ,कटोरी मंदिर से होते हुए कोतवाली के सामने दुर्गा मंदिर पर विशाल बरात पहुंची। इस दौरान आतिशबाजी भी की गयी और जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ बारात का स्वागत किया गया। बारात की अगुवाई कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोली ने की। बारात में चार घोड़े पर सवार चार दूल्हों और




बारातियों के साथ साथ सदगुरु कबीर साहेब की शोभायात्रा में उनके अनुयायी साहेब बन्दगी के उदघोष कर रहे थे। बारात में मातृ शक्ति के साथ साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली, भारत भूषण चुघ, अनिल चौहान, राकेश सिंह, तरुण दत्ता, उत्तम दत्ता, संजय ठुकराल भी जमकर थिरके। दुर्गा मंदिर धर्मशाला में अतिथियों के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली ने सदगुरु कबीर साहेब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात विवाह की रस्में अदा की गयी। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कबीर साहब के आदर्शों पर चलने का आहवान किया। संचालन शैलेंद्र कोली ने किया। वर वधु का जयमाला कार्यक्रम के बाद अतिथियों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। नव दंपत्तियों को बेड, ड्रेसिंग टेबल, बर्तन, वाशिंग मशीन, एलईडी पंखे, सिलाई मशीन, कपड़े, मिठाईयां कुर्सी मेज, अलमारी सहित अन्य जरूरी सामान भी भेंट किया गया। इस मौके पर दुर्गा मंदिर महिला समिति की अध्यक्षता माया देवी, महामंत्री सरोज देवी, रानी, सुनीता देवी, आशा देवी, हरप्यारी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष खेमचंद कोली, कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोली, बड़े समाजसेवी संजय ठुकराल, महंत मिलन दास, साधु भाऊ साधु रतन दास, दिल्ली के प्रदेश महामंत्री राजेश अन्ना , उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली, संजीव गुप्ता, दीपक सागर, सुशील हरिराम कोली, कुमारपाल कोली कृष्णाकोली, अमर दास, नत्थू दास, पृथ्वी दास चरण दास, चंद्रपाल ,दास तिलोक, मुकेश कोली सावंत कोमिलराम, राकेश कुमार अंबेडकर, बाबूराम कोली, आशु त्रिवेदी, मुकेश कोली जुगराज कोली, रामपाल कोली, रामअवतार शर्मा सहित सैकड़ों लोगों के साथ अन्य संत जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांच कर दिया परामर्श

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जीवन ज्योति मेडिकल पीलीकोठी में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रो. (डॉ. ) विनय खुल्लर ने 140 रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया। शिविर में मधुमेह, ब्लड प्रेशर, जोड़ो के दर्द, गठिया, अस्थमा, पेट के रोगी, सामान्य एवं त्वचा के रोगी थे। शिविर में नि:शुल्क शूगर, एचबीए 1सी, न्यूरोपेथी जाँच की गई। शिविर में मनीषा, नीरज दुमका, जीवन जोशी, चंदन बिस्ट, शान्ति नेगी, विमला आदि ने सहयोग किया।



## दुर्गा मंदिर निर्माण में सहयोग देने का आश्वासन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने ट्रांजिट कैंप का दौरा कर वहां निर्माणाधीन दुर्गा मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और दुर्गा मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग प्रदान किए जाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि ट्रांजिट कैंप में विशाल दुर्गा मंदिर



का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें सभी से सहयोग करने की अपील की गई है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, महानगर कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, संजीव कविराज,जगदीश कर्मकार, श्रीमती कुक्कू, मुन्नी देवी, कृष्णकांत, दुर्गा देवी,दुर्गेश, रूपा, मालती सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## कच्ची शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस ने रमपुरा हाइडिल के पास संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए ग्राम रमपुरा निवासी अमनदीप सिंह पुत्र सतपाल सिंह को शक के आधार पर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 65 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

## दहेज के लिए महिला को पीटकर दे दिया तलाक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। दहेज लोभी ससुरालियों द्वारा कार की मांग कर विवाहिता को आए दिन प्रताड़ित करने व छोटी बच्चियों को पटककर जन से मरने की कोशिश करने के साथ ही पति द्वारा उसे तलाक दे दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि एक महिला ने ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बनभूलपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका आरोप है कि ससुरालियों ने कम दहेज के लिए उस पर जुल्म ढाए तथा मारपीट कर उसके कान का पर्दा फाड़ दिया। इतना ही नहीं उसकी छोटी सी बच्ची को भी पटक कर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता का कहना है कि उसके पति ने तलाक, तलाक, तलाक कह कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह वर्ष 2019 में नूरी मस्जिद इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी अफसार पुत्र इकबाल अहमद से हुआ था। ससुराल वाले दहेज के सामान से संतुष्ट नहीं थे। पति, ससुर इकबाल अहमद, सास मुस्तकीम, जेठ अफजाल व ननदें दहेज में कार नही देने पर प्रताड़ित करने लगे। उसके पिता ने 2 लाख रुपए भी ससुरालियों को दिए, लेकिन प्रताड़ना नहीं रुकी। 1 वर्ष बाद बेटी के जन्म लेने के बाद ससुरालीयों का उत्पीड़न बढ़ गया। उन्होंने उसे मारा और बच्ची को पटककर जान से मारने की कोशिश की। दो वर्ष बीत जाने के बाद जब दूसरी बेटी पैदा हुई और उसे भी मारने की कोशिश की गई। सिसकी शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस काउंसिलिंग के बावजूद ससुरालियों की प्रताड़ना नहीं रुकी और ससुरालियों ने पीट कर कान का पर्दा फाड़ दिया। पीड़िता ने जेठ पर बदनियती का आरोप भी लगाया है। पीड़िता का कहना है इसी वर्ष 21 जनवरी को तीन बार तलाक बोल कर उसके पति ने तलाक दे दिया और मेरी दुग्धमुही बच्ची व तीन साल की बच्ची के साथ घर से धक्के देकर निकाल दिया। पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गरीबों को मिल रही सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं: टम्टा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान प्रदेश प्रभारी अश्वनी त्यागी व सांसद अजय टम्टा ने केंद्र सरकार के नौ साल के कार्यकालऔर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में हो रहे कार्यो को बेमिसाल बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की बुलंदियों को स्थापित कर रहा है, आज भारत को पूर्व की भांति सोने की चिड़िया के रूप में विश्व मे पहचान मिलने लगी है, आज विकसित देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी प्रधानमंत्री के मुरीद है, आने दशक भारत की प्रगति का प्रतीक है, कहा कि पहले गरीब को अपने इलाज कराने के लिए अपनी जमीन बेचनी पड़ती थी, लेकिन अब आयुष योजना के तहत उनका इलाज हो रहा है। इतना ही नहीं नौ साल पहले देश में आठ एम्स थे आज बढ़कर 23 हो गए हैं। इसका लाभ पूरे देश को हो रहा है। मंडलसेरा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में त्यागी ने कहा कि पीएम मोदी ने जनधन योजना और किसान निधि पीएम द्वारा कौशल विकास के मध्यम से स्किल करने



का काम किया है। भारत देश ने सबसे पहले11 महीने में कोविड से लड़ने के लिए वैक्सीन तैयार की। स्वास्थ्य के अलावा देश की सुरक्षा को भी बल दिया। पहले दिल्ली में हर साल कई आतंकी हमले होते थे, अब आतंक को खत्म करने का काम किया। मोदी ने चीन को सबक सिखाने का काम किया है। सांसद टम्टा ने कहा कि पूरा देश में महा संपर्क अभियान चल रहा है। 2014 से पहले का भारत और आज का भारत में बहुत अंतर है। हर गांव को सड़क से जोड़ा जा रहा है। संचार के क्षेत्र में बेहतर काम हुआ है। जिले में जल्द 32 नये मोबाइल टावर लगने हैं। इस मौके पर कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। लोकसभा व निकाय चुनाव के लिए कमर कसने की अपील की है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार, जिपं अध्यक्ष बसंती देव,मीडिया प्रभारी प्रकाश साह समेत सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## बूथ जोड़ो प्रभारी ने युवाओं को सौंपी जिम्मेदारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)।यूथ कांग्रेस कीबूथ जोड़ो प्रभारी कवि जोशी ने पार्टी कार्यालय में बैठक ली, वही युवाओं को संगठन से जोड़ने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिले के सभी बूथों में बूथ प्रभारी बनाकर प्रत्येक कार्यकर्ता को20 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। 19 जून को सभी बूथों की लिस्ट जिला कार्यालय में जमा होगी। संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही लोकसभा व निकाय चुनाव के लिए युद्धस्तर पर आपसी समन्वय से जनता के हितों के लिए कार्य करते हुए जनसमस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का भी आह्वान किया गया। पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में बूथ जोड़ो कार्यक्रम प्रभारी कवि जोशी ने बताया कि बागेश्वर विधानसभा में बागेश्वर गरुड़ ब्लॉक की जिम्मेदारी प्रभारी गोकुल परिहार, सह प्रभारी कैलाश पवार, उपाध्यक्ष हरीश रावत, महासचिव दर्शन फर्स्वाण, कठपुड़ियाछीना ब्लॉक की जिम्मेदारी प्रभारी भीम कुमार, सह प्रभारी कृष्ण बिष्ट, बागेश्वर ब्लॉक की जिम्मेदारी



प्रभारी संजय चनियाल, सह प्रभारी घनश्याम जोशी, गौरव परिहार विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया, नगर की जिम्मेदारी संजय कुमार, कुलदीप मेहता जिला प्रवक्ता, दिव्यांशु पिंडारी विधानसभा महासचिव को दी गई है।वहीं कपकोट विधानसभा के कपकोट ब्लॉक की जिम्मेदारी प्रभारी उम्मेद गड़िया, सह प्रभारी भरत कोरंगा, हरीश स्युनरी, कपकोट नगर की जिम्मेदारी प्रभारी प्रवीन ऐंठानी, सह प्रभारी प्रकाश जोशी, दुग्नाकुरी ब्लॉक की जिम्मेदारी प्रभारी विक्रम सुरकाली, सह प्रभारी गावस्कर जोशी,गणेश धपोला को सौंपी गई। कांडा ब्लॉक की जिम्मेदारी प्रभारी,अजय साह, सह प्रभारी सुनील रावत, भगवान माजिला,धीरज धपोला जिला सचिव, जीवन धपोला रोहित माजिला, कृष्ण सिंह नगरकोटी को दी गई है।

## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भयानक रेल हादसे

ओड़ीशा के बालासोर में हुआ रेल हादसा रेलवे के आधुनिकीकरण का पोल खोल कर रख दिया है। ओड़ीशा के बालासोर में हुआ रेल हादसा यह बताने के लिए काफी है कि भारतीय रेल को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने का दावा चाहे कितना भी किया जाए, लेकिन यह सपना अभी हकीकत से दूर है। एक साथ तीन रेलगाड़ियों का आपस में टकराना इस बात की पुष्टि है कि या तो रेलगाड़ियों के परिचालन के प्रबंधन में घनघोर लापरवाही बरती गई या फिर रखरखाव और सुरक्षा के इंतजामों में व्यापक खामी है। खबरों के मुताबिक, शनिवार शाम को यशवंतपुर से हावड़ा जा रही दुरंतो एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतर गए और विपरीत दिशा से आ रहे कोरोमंडल एक्सप्रेस से टकरा गए। इसके बाद दूसरी रेलगाड़ी की कई बोगियां भी पटरी से उतर गईऔर वहीं खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस तरह एक साथ तीन रेलगाड़ियों की टक्कर हो गई और सिर्फ इतने से ही हादसे की भयावता का अंदाजा लगाया जा सकता है।इस दुर्घटना में दो सौ पिचहत्तर लोगों की जान चली गई और ग्यारह सौ पिचहत्तर लोग घायल हो गए। सवाल है कि जिस दौर में समूची रेल व्यवस्था को आधुनिकतम स्वरूप देने की बात की जा रही हो, उसके बारे में इस घटना के बाद क्या राय बनेगी! इस हादसे के बाद स्वाभाविक ही इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि चलती ट्रेन को सामने से आ रही किसी ट्रेन से टकराने से रोकने के लिए जिस 'कवच' नाम की व्यवस्था के इस्तेमाल की बात हो रही थी, क्या उसका दायरा और उसकी उपयोगिता अभी सीमित है? हालांकि इस घटना के बारे में आई खबरों में बताया गया कि एक रेलगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए और इस वजह से हादसा हुआ। लेकिन क्या दुर्घटना वाले मार्ग पर 'कवच' की व्यवस्था थी? इसके समांतर इस बात की पड़ताल करने की जरूरत है कि ट्रेन के बेपटरी होने का क्या कारण है। क्या पटरियों में पहले से कोई खामी थी, उससे कोई छेड़छाड़ की गई थी या फिर ट्रेन के परिचालन में कोई ऐसी चूक या लापरवाही हुई, जिसकी वजह से डिब्बे पटरी से उतरे। वजह चाहे जो हो, लेकिन सच यह है कि ट्रेन के सफर को सुरक्षित मान कर अपने-अपने घर या किसी गंतव्य के लिए चले बहुत सारे लोगों की जान चली गई या वे बुरी तरह हताहत हुए। सवाल है कि क्या इस चूक के लिए किसी की जिम्मेदारी तय की जाएगी! दरअसल, पहले हुए इसी तरह के हादसों के मद्देनजर ऐसे इंतजाम किए जाने की जरूरत महसूस की गई थी कि अगर कभी ट्रेनों में आमने-सामने टक्कर की स्थिति बने तो 'कवच' की मदद से उससे बचा जा सके। 'कवच' का पूर्व परीक्षण भी हो चुका है। लेकिन अगर ताजा रेल दुर्घटना के बारे में शुरुआती कारणों को ध्यान में रखें तो ऐसा लगता है कि बचाव के इंतजामों पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। हाल के दिनों में रेलयात्रा को बेहतर करने के क्रम में इस बात पर भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है कि रेलगाड़ियों की रफ्तार और ज्यादा बढ़ाई जाए। सवाल है कि तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों के लिए क्या रेलगाड़ियों और पटरियों की गुणवत्ता और उनके रखरखाव के साथ-साथ निर्बाध रास्ते को लेकर भी क्या उसी अनुपात में काम किए गए हैं, ताकि लोगों की रेल यात्रा को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जा सके? रेलवे में संरक्षा और सुरक्षा कर्मियों के कितने पद रिक्त हैं? बालासोर हादसे से यह साबित होता है कि यात्रा के बढ़ते खर्चे के बीच हर कुछ दिनों बाद सरकार की ओर से रेलगाड़ियों में सुविधाएं और सुरक्षा के साथ-साथ उसके सुरक्षित परिचालन को लेकर दिए जाने वाले आश्वासनों के बरक्स सच्चाई संतोषजनक नहीं है।


# धर्म और संस्कृति को आचरण में लाना जरूरी: मोहन भागवत

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार को परमार्थ निकेतन पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी चिदानंद सरस्वती का 72 वें जन्मदिन के अवसर पर कहा कि में धर्म और संस्कृति को आचरण में लाना जरूरी है। हमें अपने धर्म को प्रत्यक्ष रूप से आचरण में उतारना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति श्रेष्ठ संस्कृति है परंतु भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए प्रयत्न करना होगा। सर संघ चालक मोहन भागवत ने कहा कि सनातन धर्म पर हमारी सृष्टि है। धर्म नहीं तो सृष्टि नहीं इसलिए उसे पहचान कर उस पर चलने वाले ही सुखी रहेंगे। उन्होंने कहा कि 142 करोड़ लोग भारत की रीढ़ की हड्डी के मनके हैं। हमारी जमीन में सब कुछ है। पिछले छह हजार सालों से हम खेती कर रहे हैं और आज भी कर रहे हैं। जो बातें विज्ञान की उपयोगी हैं। वो हमारे वेदों में उपलब्ध हैं। हमारे पास पहले से ही ज्ञान भी है और विज्ञान भी है। प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि सनातन धर्म अपना काम करता है। सनातन धर्म अपने विधि-विधान के मुताबिक अपना काम करेगा। बस हमें उन्हें पहचान कर उन संस्कारों को स्वीकार करना होगा और उन्हीं पर चलना होगा तो हम सुखी रहेंगे। उन्होंने कहा कि धर्म को हमारी जरूरत नहीं है लेकिन हमें धर्म की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वामी चिदानंद सरस्वती को अपना जन्मदिन मनाने की जरूरत नहीं है। लेकिन हमें जरूरत है कि वे जो काम कर रहे हैं हम उसे अपने जीवन में लेकर आएं। उन्होंने कहा कि संतों के आचरण में धर्म रहता है, और धर्म सर्वत्र कार्य करता है।



## पर्यावरण दिवस विशेष

ए मानव क्या सीखा तुमने
क्या कह जाती है प्रकृति,
कितनी सुंदर और ममत्व
हरदम कुछ सिखाती प्रकृति,
रौनके पहाड़ो की



अद्भुत ज्ञान दे जाती है,
रखो अटूट सामर्थ्य और हिम्मत
अथाह सफलता जिसका छोर है।
कहते तरुवर विशाल से
छाया देते पिता समान
रक्षक है प्रकृति के,
दे रहे दान का ज्ञान।
कलकल करती बहती नदियां
हर पल कुछ कह जाती हैं
रखो व्यवहार निर्मल और शीतल
नदियां तो प्रकृति की बेटियां।
इस प्रकृति की अनेक संतान
पृथ्वी जिससे अस्तित्वमान,
मत करो इसका ह्रास
ये तो हर पल देती दान
सुखद प्रकृति से जनजीवन खुशहाल
वृक्ष के बिना धरती बदहाल,
जड़ी बूटियां और औषध,
सब है प्रकृति की अद्भुत उपहार।
आओ एक चलाये अभियान,
नहीं होने देंगे और पेड़ कटान,
जनजीवन की सुरक्षा हेतु,
पर्यावरण का रखेंगे ध्यान।
जल और वायु प्राण दाता,
इनके बिना जीवन बदहाल
सुरक्षित कर लो जल का अस्तित्व
सुरक्षित जल से जीवन अनमोल।
रख लो अभी से तुम यह ध्यान
स्वच्छ पर्यावरण ही जीवनदान
आज से ही कर लो प्रण
प्रकृति को नहीं पहुंचायेंगे नुकसान।

-निकेता पाहुजा,रुद्रपुर

# सीएम धामी ने सहभोज में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बांटा टिफिन

चंपावत। चंपावत दौरे के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी की अनोखी पहल देखने को मिली। सीएम धामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन साझा किया। सीएम के साथ सहभोज से पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। इस सहभोज की सबसे खास बात ये थी कि इसमें सभी लोग अपने अपने घरों से टिफिन लेकर आए थे। सीएम धामी के निर्देश पर पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का सहभोज आयोजित किया गया। इस सहभोज में सभी लोग अपने अपने घरों से टिफिन लेकर आए। जिसे सभी ने आपस में साझा किया। प्रदेश में ऐसा पहली बार हुआ कि सभी ने जमीन पर बैठकर साथ खाना खाया। सहभोज के अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि घर से टिफिन लेकर साथ बैठकर भोजन करने से पारस्परिक सद्भाव, आपसी समन्वय व सहयोग की भावना जागृत होती है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चंपावत को आदर्श जिला बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने हैं।



# पांच महीने में 12 बाघ और बाघिनों की मौत

देहरादून। देशभर में बाघों के संरक्षण के तहत किए जा रहे प्रयासों के बीच उत्तराखंड में लगातार बाघों की मौत हो रही है। यहां बीते पांच महीने में 12 बाघ-बाघिनों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा वन्यजीव प्रेमियों के लिए किसी आघात से कम नहीं है। सबसे अधिक मौतें कुमाऊं के सेंट्रल तराई क्षेत्र में हुई हैं। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक डॉ. समीर सिन्हा ने मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं को विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में देश में बाघ गणना-2022 के आंकड़े जारी किए थे। उसमें पिछले चार वर्षों से बाघों की संख्या में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई है। देशभर में बाघों की संख्या करीब 3167 बताई गई है। वर्ष 2018 की गणना के अनुसार



उत्तराखंड में बाघों की संख्या 442 है। अभी राज्यवार आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं, लेकिन उत्तराखंड वन विभाग के अधिकारी इन्हीं आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ने की संभावना जताकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। इसके उलट जिस तेजी से बाघों की मौत हो रही है, उससे तस्वीर का रंग धुंधला भी हो सकता है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, देशभर में इस साल बीते पांच महीने में कुल 76 बाघों की मौत हुई है। इनमें 12 बाघ केवल उत्तराखंड में मारे गए। उत्तराखंड में इस साल बाघ की पहली मौत का मामला जनवरी में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सामने आया था। उसके बाद फरवरी में तीन बाघ नैनीताल और रामनगर में मृत पाए गए। फिर मार्च में दो बाघ चकराता रेंज हल्द्वानी और रामनगर डिविजन में मारे गए। अप्रैल में कॉर्बेट की ढेला रेंज में एक बाघ मृत पाया गया। मई में दो बाघ कालागढ़ डिविजन और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मारे गए, जबकि तीन बाघों की मौत का आंकड़ा अभी तक वेबसाइट पर अपडेट नहीं किया गया है। बाघों की मौत के कारण अलग-अलग हैं। वर्ष 2022 में 12 महीने में नौ बाघों की मौत दर्ज की गई थी।

# परमार्थ निकेतन पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति कोविंद

ऋषिकेश। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रविवार को ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन में आयोजित श्रीराम कथा में पहुंचे। उन्होंने कहा कि मां गंगा व श्रीराम के बिना भारत अधूरा है। कथा पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जन जागरुकता व तात्कालिक समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि जब हम श्री राम कथा की बात करते हैं या मां गंगा की बात करते हैं तो मुझे लगता है कि मां गंगा के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे ही यदि भारत के जीवन से प्रभु राम के जीवन को निकाल दें तो उसके बिना भी भारत अधूरा रहेगा। प्रभु श्री राम का जीवन वास्तव में अनुकणीय है। राम सर्व समर्थ हैं, आप उनके नाम की संज्ञा किसी भी धर्म, संप्रदाय किसी को भी दे दीजिए लेकिन राम, राम हैं और राम, राम ही रहेंगे। कोविंद ने कहा कि यह दौर भारत के लिये बहुत टर्निंग प्वांइट पर है। मैंने इसका विश्लेण किया है। सब लोग कहते हैं कि भारत विश्व गुरू बनने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि विश्व गुरू अर्थात एक वैश्विक शक्ति। मैंने देखा कि सही मायने में हम वैश्विक शक्ति बनने की कगार पर हैं। आज जी 20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है। यही तो है वैश्विक शक्ति, विश्व गुरू।

# एनडीआरएफ ने बचाई दो ट्रैकर्स की जान

देहरादून (उद संवाददाता)। एनडीआरएफ के प्रथम पर्वतारोहण अभियान दल ने दो ट्रैकर्स की जान बचाकर उन्हें नया जीवनदान दिया है। यह अभियान दल माउंट भागीरथी-2 पर सफलतापूर्वक अपना परचम लहरा चुका है। इस अभियान दल ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नंदनवन-गोमुख में अकेले फंसे दो ट्रैकर्स को खोजकर उनको जीवनदान दिया,अभियान दल के प्रमुख डीआईजी एनडीआरएफ गंभीर सिंह चौहान ने बताया कि ये दोनों ट्रैकर्स काफी बीमार भी थे। काफी खराब मौसम,भारी बर्फबारी और काफी जोखिम भरे गोमुख ग्लेशियर में लगभग 6 घंटे के आरोहण के दौरान एक महिला और एक पुरुष ट्रैकर ग्लेशियर में फंस गए थे,जिसके बाद इसकी सूचना एनडीआरएफ को मिली,तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर उन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित भोजबासा कैंप में पहुंचाकर चिकित्सा उपचार देकर उनकी जान बचाई। उन्होंने बताया कि ये



दोनों ट्रैकर उनकी टीम को काफी नाजुक हालात में नंदनवन में मिले। जब ये ट्रैकर्स उन्हें मिले, उनकी हालात काफी खराब थी। वे चलने की स्थिति में नहीं थे। लेकिन एनडीआरएफ टीम के निरीक्षक निखलेश नेगी, हवलदार एम कार्तिक, सिपाही सूरज धोनी ने छ:घंटे के कठिन और जोखिम भरे आपरेशन,कर रॉकफॉल,आइसवाल वाले गोमुख ग्लेशियर को पार कराया।जहाँ रात्रि में भोजबासा कैंप में दोनो ट्रैकर को पहुंचाकर उनका उपचार करवाया।वही अपने आप को सकुशल देख दोनों ट्रेकरों ने पूरी रेस्क्यू टीम का शुक्रिया अदा किया। महिला ट्रैकर कर्नाटक और पुरुष ट्रैकर हिमाचल प्रदेश के रहने वाले थे। महिला ट्रैकर शायमा ने बताया कि वह ऑटो सेक्टर में कार्यरत है और वह ट्रैकिंग के लिए आई थी। खराब मौसम के कारण वह बीमार हो गए। जिसके कारण वे गोमुक ग्लेशियर में फंस गए। यदि एनडीआरएफ की टीम हमें नहीं बचाती तो हमारी जिंदगी बचनी मुश्किल थी।

# काशीपुर की जनता को मूर्ख बना रहे हैं भाजपा नेता: शफीक

काशीपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शफीक अहमद अंसारी ने कहा है कि भाजपा विकास के नाम पर पिछले 22 वर्षों से काशीपुर की जनता को मूर्ख बनाने के सिवाय कुछ



नहीं कर रही। चुने हुए जन प्रतिनिधियों का हाल यह है कि पूर्व विधायक तो कहीं चमक भी जाते हैं मगर मौजूदा विधायक तो कहीं नजर ही नहीं आ रहे ।ऐसे में काशीपुर के विकास के वें वायदे कैसे पूरे हों जो हर बार भाजपा काशीपुर की जनता से करती रही है। कांग्रेस नेता शफीक अहमद अंसारी ने आश्चर्य व्यक्त किया है कि भाजपा के एक नेता बयान दे रहे हैं कि वह अगर मेयर बने तो नगर निगम में दाखिल खारिज के नाम पर लिया जाने वाला वह 2% टैक्स समाप्त करा देंगे जो पूरे प्रदेश में केवल काशीपुर में ही लिया जाता है। भला कोई इन नेता से पूछे कि जब आज प्रदेश में सरकार भी उन्हीं की पार्टी की है और सांसद,विधायक और मेयर भी उन्हीं की पार्टी का तो वे खुद मेयर बनने से पूर्व ही इस टैक्स को अपनी सरकार से क्यों नहीं खत्म करा देते? यदि वे ऐसा करा देते हैं तो मेयर के चुनाव से पूर्व काशीपुर की जनता खुद देख लेगी कि यह नेता जी कुछ करा भी सकते हैं या नहीं। अंसारी ने मौजूदा मेयर के उस बयान पर भी तंज कसा है जिसमें उन्होंने अपने साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल के बाद अब जब चुनाव के चार पांच माह ही रह गए हैं बयान दिया है कि काशीपुर कि जनता को यदि कोई परेशानी हो तो वह उनसे नगर निगम में आकर समस्या बताएं। श्री अंसारी ने कहा कि यह भी कितना बड़ा आश्चर्य है कि मेयर को जनता की समस्याओं का खयाल तब आया है जब उनका दूसरा कार्यकाल भी पूरा होने जा रहा है।लगता है अब वे तीसरे चुनाव की भी तैयारी में है और इसीलिए अब उन्हें काशीपुर की जनता के दुख दर्द दिखाई देने लगे हैं।श्री अंसारी ने चुनाव से पूर्व काशीपुर की जनता को सावधान किया है कि वह भाजपा नेताओं के बहकावे में ना आए और जो काशीपुर कांग्रेस के शासन में राष्ट्रीय पहचान रखता था उस काशीपुर को भाजपा ने विकास के झूठे वायदे कर कर के पिछले 22 साल में अंधेरे गर्त में धकेल दिया है। जनता भाजपा के इन नेताओं को अब मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहे।

# नदियों में खुलेआम हो रहा जेसीबी और पोकलैंड मशीनों से खनन कार्य

## उच्च न्यायालय के आदेशों की उड़ी धज्जियां,सीसी टीवी कैमरे लगाने के निर्देश हवा हवाई



बागेश्वर(उद संवाददाता)। राज्य में नदियों में खनन करने पर मानवीय श्रम से चुगान करने,नदियों में किसी भी प्रकार से मशीनों पर खनन करने पर रोक लगाने के उच्च न्यायालय और सरकार के भी निर्देश है। वही न्यायालय के निर्देश के बाद भी नदियों में रिवर ट्रैनिंग के नाम पर खुलेआम खनन कार्य हो रहा है, खनन पट्टाधारकों द्वारा खनन सामग्री निकालने के लिए नदियों में खुलेआम जेसीबी पोकलैंड मशीनों से खनन कार्य हो रहा है। खनन कार्य लगातार मशीनों से होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों जिला प्रशासन द्वारा कोई सुध नही लिए जाने से कांग्रेस ने सवाल उठाए है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों और सरकार को इसके लिए जिम्मेदार बताया। वही उक्रांद के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एड. डीके जोशी ने भी इस पर सवालिया निशान लगाते हुए न्यायालय के आदेशों की अवहेलना होने पर चिंता जाहिर की है। वही इसके लिए न्यायालय की अवहेलना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर अवहेलना नोटिस जारी करने की मांग की है। सरकार द्वारा एक तरफ मानवीय श्रम का आदेश दूसरी तरफ खनन पट्टाधारकों से मिलीभगत कर उन्हें नदियों में पोकलैंड और जेसीबी मशीन से खनन करने की खुलेआम छूट देने का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा सरयू, गोमती और सहायक नदियों में खनन के लिए टेंडर जारी किए थे, पर खनन पट्टाधारक खुलेआम मशीनों से खनन कर बिना धर्मकांटो और सीसी टीवी कैमरों को लगाए हुए नदियों से मनमाने तरीके से खनन सामग्री चुगान कर नदियों को छलनी कर रहे है। जिले के गरुड़, बागेश्वर, कपकोट तहसील में हुए रिवर ट्रेनिंग के टेंडरों के बाद अधिकारियों और खनन पट्टाधारकों की मिलीभगत से बिना प्रमापिकरण से खनन करवा रहेपट्टाधारको द्वारा बेतहासा खनन कर लाखों टन खनन सामग्री अलग अलग स्थानों में एकत्र कर दी गई है। इसे अधिकारियों की मिलीभगत कहा जाए या अधिकारियों को सरकार के नुमाइंदों के आदेश जिससे कि खुलेआम उच्चन्यायालय के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ रही है, वही उच्च न्यायालय द्वारा अब तक किसी भी अधिकारी के खिलाफ कारण बताओ नोटिस या अवमानना नोटिस जारी नही हुआ है, जिस कारण खनन कार्य करने वालों और मिलीभगत कर नियमों का उल्लंघन कराने वाले अधिकारियों के हौसले बुलंद है। वही अब देखने वाली बात होगी कि जिलाप्रशासन किस तरह नदियों में मशीनों से खनन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करते है या न्यायालय के नियमों का उल्लंघन में न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने पर कारण बताओ नोटिस का जबाब देने की सोचते है। पर जिस तरह खुलेआम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना हुई है,उससे लोगों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है।वही खनन सामग्री एकत्र करने वाले स्टोन क्रशर स्वामी मालामाल होने की सोच रहे हैं।वही इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर न्यायालय की गांज गिरेगी या कुछ और ये न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद ही पता चल पाएगा। नदियों में खनन सामग्री के चुगान के लिए निविदा की शर्तों में मानवीय श्रम से चुगान और खनन सामग्री की तौल हेतु धर्मकांटा और सीसी टीवी कैमरे लगाने के नियम है । उसके बाद भी मात्र टेंडर प्रक्रिया कर खनन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से खनन समाग्री का स्टॉक चुगान की गई सामग्री की कोई तौल की व्यवस्था नही होने से सरकार को लाखों करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है। इससे सरकार को होने वाली हानि का किसे फायदा पहुंचता है, क्यों अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से बच जाते है, क्यों खुलेआम खनन करने वालों के हौसले बुलंद होते है, यदि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से बचते है तो उन पर कार्रवाई क्यों नही होती है ये बड़ा सवाल है। जबकि मनमाने तरीके से हो रहे खनन खनन सामग्री के लिए कोई तौल की व्यवस्था नही होने से इसके लिए सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति और सुशासन की सरकार पर भी सवालिया निशान उठते ही है।

> "नदियों में खनन के लिए मानवीय श्रम से चुगान करने की स्वीकृति दी गई है, सभी उपजिलाधिकारी को अपने क्षेत्रों में न्यायालय के आदेशानुसार मशीनों से खनन पर रोक लगाने के निर्देश है, यदि किसी के द्वारा नियमो के खिलाफ मशीन से नदी में खनन किया हुआ पाया गया तो ऐसे में सम्बंधित व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-चन्द्र सिंह इमलाल, एडीएम-बागेश्वर।**

# पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरु नानक इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया गया। नगर के गुरु नानक इंटर कॉलेज के परिसर में पौधे लगाए गये। साथ ही उन्हें बचाने व पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही प्रशांत विशवास ने कहा कि पर्यावरण की कद्र करनी



चाहिए। पर्यावरण के लिए सभी लोगों को जागरूक होना चाहिए। शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ की भूमिका सबसे अधिक है इसीलिए सभी को कम से कम पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तरसेम सिंह,प्रवक्ता सम्पूर्ण सिंह प्रवक्ता हरपाल सिंह और एन सी सी कैडेट उपस्थित थे। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के ब्रांच मैनेजर अजय सिंह, वासिक अहमद, शिवांगी आदि मौजूद थे।

# छात्राओं ने किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे दस दिवसीय वर्चुअल क्लास के चौथे दिन डॉ. मुकुल सती की उपस्थिति में नृत्य एवं पाक कला का बहुत ही सुंदर प्रदर्शन करते हुए जानकारियां प्रदान की गई । समग्र शिक्षा



उत्तराखंड द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में समर कैंप के दौरान चौथे दिन शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर संरक्षण का संकल्प किया । इस मौके पर शिक्षिका उर्वशी गंगवार , मिनती रानी , तारा जोशी,नंदिनी शर्मा परिचारिका रश्मि एवं मि. रोजा दीन अली, शाजिया , मुस्कान, अर्चना ,लक्की, नेहा ,उर्वशी, सिमरन, कनक, हीनाक्षी आदि मौजूद रहे ।

# ग्लेशियर खिसकने से बर्फ में दबी महिला श्रद्धालु का शव बरामद

चमोली। हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर अटलाकुड़ी ग्लेशियर प्वाइंट के पास ग्लेशियर खिसकने से बर्फ में लापता हुई महिला की तलाश में आज फिर बचाव अभियान चलाया गया। सुबह करीब साढ़े बजे एसडीआरएफ ने बर्फ में दबा हुआ महिला यात्री का शव बरामद कर लिया है। वहीं, यात्रा मार्ग पर भारी बर्फ आने से रास्ता बंद हो गया है। जिससे यात्रा भी रोकी गई है। बता दें कि रविवार शाम छह बजे ग्लेशियर खिसकने से बर्फ की चपेट में छह श्रद्धालु आ गए थे। जिसमें से एक एक महिला श्रद्धालु अमृतसर निवासी 37 वर्षीय कमलजीत कौर लापता हो गई थी। महिला के पति समेत पांच श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर



लिया था। हेमकुंड साहिब में तीर्थयात्रियों के लिए रात्रि विश्राम की सुविधा नहीं है। प्रतिदिन तीर्थयात्री यात्रा के बेस कैंप घांघरिया से छह किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हेमकुंड साहिब पहुंचते हैं। हेमकुंड सरोवर में स्नान कर गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद वापस लौट आते हैं। रविवार को अंतिम जत्थे में शामिल छह तीर्थयात्री हेमकुंड साहिब से समय पर निकल गए थे, लेकिन अधिक थकान होने के कारण शाम 6 बजे अटलाकुड़ी तक ही पहुंच पाए। जिस वक्त तीर्थयात्री ग्लेशियर प्वाइंट से गुजर रहे थे, अचानक बर्फ खिसककर मार्ग पर आ गई। जिससे तीर्थयात्री बर्फ के बीच में फंस गए। एसडीआरएफ के जवानों ने मौके पर पहुंचकर पांच तीर्थयात्रियों को बर्फ से निकाल लिया। रेस्क्यू किए तीर्थयात्रियों में कमलजीत कौर के पति जसप्रीत सिंह, बेटी मनसीरत कौर, पुष्पप्रीत कौर, मनप्रीत कौर और रवनीत सिंह शामिल हैं। वहीं, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि पांचों तीर्थयात्रियों का घांघरिया गुरुद्वारे के अस्पताल में उपचार किया गया, इनमें तीन महिलाएं हैं।

# गोला खनन अवधि बढ़ाने पर हर्ष व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने गोला में खनन कार्य की अवधि आगामी 30 जून तक बढ़ाए जाने पर खुशी जताई है। एसोसिएशन के महामंत्री प्रदीप सबरवाल ने कहा कि दोबारा गोला खुलने से मजदूरों व्यापारियों समेत सभी कारोबारियों को इसका लाभ होगा। उन्होंने गोला में खनन कार्य दोबारा शुरू करने की अनुमति दिए जाने को लेकर प्रदेश सरकार का भी आभार जताया है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जसपाल सिंह कोहली ने कहा कि गोला में खनन कार्य दोबारा शुरू कराए जाने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुरू से ही गंभीर थे। इस निर्णय से कारोबार से जुड़े सभी लोगों को फायदा होगा। यूनियन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री अनिल डब्बू, हाजी नफीस, इंद्र कुमार भुटियानी, पंकज बोरा, खीमानंद शर्मा, चंद्रशेखर पांडे, अमन भट्ट और मुकेश खन्ना ने भी खुशी जताई है।

# अवैध शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस ने गश्त के दौरान एक महिला नशा तस्कर को अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उनि मुकेश मिश्रा साथी पुलिस कर्मियों हेका.मीना तिवारी, का. उत्पल राणा के चैकिग करते भूरारानी रोड होते हुये बंसुन्धरा कालोनी गैट के पास पहुचे तो सामने एक महिला आती दिखाई दी जिसके हाथ मे एक गैलन दिखाई दिया। जब उसने वापस मुडने की कोशिश की तो पीछा कर उसें पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मीना देवी पत्नी विजय सिह निवासी भूरारानी बताया । तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद गैलन में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## पेज एक का शेष...

**हजारों लोगों के साथ धरने पर...**बंडिया के दो सौ से भी अधिक परिवारों को अतिक्रमण हटाने के नाम पर उजाड़ दिया गया जब कि यह परिवार पिछले कई वर्षो से वहां निवास कर रहे थे । उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय सांसद कह रहे है कि प्रदेश में लैंड जिहाद के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओंर प्रदेश सरकार के संरक्षण में अफसरशाही पिछले कई दशकों से रह रहे परिवारों को उजाड़ने में लगी हुई है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री बेहड़ ने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पहले लोगों के पुर्नवास की व्यवस्था करनी चाहिए थी। आज किच्छा, लालकुंआ, रूद्रपुर, केलाखेड़ा, सुल्तानपुर पट्टी, जसपुर, सितारगंज सहित कई क्षेत्रों के लोग खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हो गये हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां उसके जन विरोधी होने का प्रमाण दे रही हैं। आज आम जनता महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, पेयजल, चिकित्सा, पेंशन, राशन कार्ड, आवास सहित कई मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। जनसमस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार जनता को उजाड़कर उनकी समस्याओं को और बढ़ा रही है। श्री बेहड़ ने कहा कि वह आम जनता के हितों को प्रभावित नहीं होने देंगे और उजाड़े गये परिवारों के पुर्नवास की मांग को वह सड़क से सदन तक उठायेंगे। उन्होंने कहा कि अब पंतनगर के सैकड़ो निवासियों को नोटिस थमा दिये गये हैं। वहीं किसानों की जमीनों की भी नपाई शुरू कर दी गई है। जो सरकार की मंशा को दर्शा रहा है। धरना स्थल पर हजारों की संख्या में लोगों ने भागीदारी की जिसमें महिलाओं की संख्या भी काफी रही। धरने में मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन,नवतेजपाल सिंह, दर्शन सिंह कोली, राजन शर्मा, सतपाल गाबा, किन्नू शुक्ला, सरवरयार खां, गुलशन सिंधी, नारायण सिंह, बिष्ट, गुड्डू तिवारी, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, राजकुमार सीकरी, राजेश प्रताप सिंह, रामकुमार सिंह, हेमंत साहू, गोबिंद कश्यप, नीरज आगरी, मेजर सिंह, गौरव बेहड़, सौरव बेहड़, राजेश बंसल, ओम प्रकाश अरोरा, ममता रानी, मीना शर्मा, सुनीता कश्यप, सतनाम सिंह, रामकुमार, शीला, पार्वती, उर्मिला, शकुंतला, गायत्री, रेखा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

**पुलिसने रेट्रो साईलेंसरों पर...**वहीं इससे पर्यावरण को भी खतरा है। एसएसपी ने कहा कि पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान मात्र सांकेतिक नहीं है बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण के लिए एक संदेश है। उन्होंने का कि कंपनी से जो साइलेंसर वाहनों में आते है। उनके अलावा तेज आवाज वाले कोई भी साइलेंसर लगा हुआ पाया गया तो भविष्य में वाहन सीज करने के साथ साथ वाहन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जायेगी। एसएसपी ने कहा कि आज हम आधुनिकता की ओर बढ़ रहे हैं तकनीकी युग में मशीनों और वाहनों का उपयोग करना पड़ता है लेकिन इसकी एक सीमा होती है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को लेकर जो नियम बनाये गये हैं उनका सभी पालन करें। अगर सभी लोग पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए थोड़ा थोड़ा प्रयास करेंगे तभी हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रख पायेंगे। इस दौरान एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोडके, यातायात निरीक्षक विजय विक्रम,एसआई सतपाल पटवाल, टीएसआई यशवंत पाल, एएसआई मनोज कार्की, सीपीयू हेड कांस्टेबल दीपक भट्ट,जितेन्द्र तिवारी, रोहित चौधरी, नंदन गोस्वामी, मनोज रावत,रवि नेगी, मनोज कुमार आदि भी मौजूद रहे।

**लारेंस विश्नोई के नाम...**अभियुक्तों ने रंगदारी मांगने का प्लान तैयार किया। थोक विक्रेता के पास मोटी रकम आने की जानकारी होने पर अभियुक्तों ने फिरौती में ज्यादा पैसा हासिल करने के लिए पहले हरिद्वार निवासी हार्डवेयर व्यापारी की दुकान के बोर्ड से उसका नम्बर लिया और रायवाला निवासी व्यापारियों के दुकान के बोर्ड पर नम्बर अंकित न होने पर उनके द्वारा संचालित स्कूल से नम्बर प्राप्त कर तीनों नम्बरों पर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर चौथ मांगी थी।

**धरने में कांग्रेस...**भी शामिल हैं। गली गली में जाकर पार्टी को मजबूत करने का दावा करने वाले इन नेताओं का अपनी ही पार्टी के विधायक के साथ खड़ा न होना चर्चा का विषय बना रहा। एक तरफ कांग्रेस गुटबाजी को खत्म करने की बात कर रही है तो दूसरी तरफ आये दिन कांग्रेस की अंदरूनी कलह सार्वजनिक हो रही है। आज के धरना प्रदर्शन में भी कांग्रेस की गुटबाजी एक बार फिर उजागर हुयी है। गुटबाजी इाक्र एक दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ का आलम है कि बेहड़ के इस धरना प्रदर्शन के जवाब में दूसरे गुट ने 7 जून को किच्छा तहसील में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है।

**संदिग्ध हालातों...** अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इसी तरह गुमशुदगी के एक अन्य मामले में युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पता चला है कि हरि नगर ढकिया नंबर 1 कुंडेश्वरी निवासी अमरपाल की पुत्री सलोनी बीते 3 जून की सुबह लगभग 10:00 बजे घर से कंप्यूटर की परीक्षा देने के लिए आवास विकास के लिए निकली लेकिन वापस घर नहीं लौटी। दोनों ही मामलों में परिजनों ने तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब युवक युवती का पता लगाना शुरू किया है

**परिजनों पर धारदार...**परिजनों पर चाकू से वार किया। जिससे चचेरे भाई रंजीत के आंख में चाकू लगा तथा माता पिता के हाथ में भी चोट आयी हैं। मारने पीटने के बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर गये है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीवेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000